प्रादेशिक समाचार
26.08.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में गुणवत्ता से काई समझौता नहीं होना चाहिए। श्री मोदी ने कल प्रगति मंच की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बड़ी परिवहन और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाते समय, बिजली, पानी और अन्य सेवाओं के लिए साझा गलियारे विकसित करने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। बैठक में नौ राज्यों से जुड़ी रेलवे, सड़क और बिजली क्षेत्र की छह प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'खेलो इंडिया डायलॉग' को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के तहत 'मेरा युवा भारत' माई भारत द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले से दो–दो कॉलेजों के युवा हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारत की खेल यात्रा से जोड़ना, उनकी आकांक्षाओं को समझना और युवा नेतृत्व के जरिए विकसित भारत के निर्माण में उनके विचारों को शामिल करना है।

**********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोगों से आग्रह किया है कि यदि उन्हें कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले या उसका संदेह होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचित करें। केन्द्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई नहीं है, बल्कि बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य के लिए एक गंभीर आघात है। उन्होंने बेटियों के सपनों, अधिकारों और सुरक्षित भविष्य की रक्षा के लिए एकजुट होने और बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया है।

**********************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने संसद द्वारा पारित खान एवं खनिज संशोधन विधेयक को राज्य और देश हित में बताया है। श्री दास ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद के सहयोग से चल रही राज्य सरकार केन्द्र द्वारा पारित विधेयक का दुष्प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक से अवैध खनन पर शिकंजा कसेगा और वैध खनन से राजस्व में वृद्धि होगी।

**********************

भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा के तीसरे दिन की शुरुआत आज चतरा के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर से हुई। छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने मां भद्रकाली का आशीर्वाद लेकर यात्रा को आगे बढ़ाया। उन्होंने छात्रों और आम लोगों से भर्ती व्यवस्था में सुधार के लिए एकजुट होने की अपील की। साथ ही श्री महतो ने कहा कि पेपर लीक और भर्ती में अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा।

**********************

मोबाइल से चंद सेकेंड में होने वाला भुगतान न खुले पैसों की चिंता और ना ही लंबी प्रकिया। भारत की डिजिटल भुगतान व्यवस्था में कांतिकारी बदलाव लाने वाले यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने दस वर्ष का सफर तय कर लिया है। जामताड़ा के दुकानदारों ने यूपीआई के दस वर्ष पूरे होने पर न केवल खुशी जताई है, बल्कि केन्द्र सरकार का अभार भी व्यक्त किया है।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज पैंगम्बर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन ईद–ए–मिलाद–उन–नबी धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में आज पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षाओं पर मिलाद महफिलें और सीरत सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई राजनेताओं ने ईद–ए–मिलाद–उन–नबी की शुभकामनायें दी है।

***********************

झारखंड समेत देशभर में आज मदर टेरेसा की 116वीं जयंती मनायी जा रही है। उन्होंने वर्ष 1950 में मिशनरीज ऑफ चैरिटी की स्थापना की और गरीब, बीमार तथा वंचित लोगों की सेवा को अपने जीवन का प्रमुख उद्देश्य बनाया। वर्ष 1979 में उन्हें मानवीय सेवा के लिए नोबेल शांति पुरस्कार और 1980 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

********समाप्त**********